हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 मार्च 2026, समय 1810 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से पश्चिम एशिया की स्थिति के मद्देनज़र उत्पन्न चुनौती का सामूहिक रूप से मुकाबला करने की अपील की ।

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अफवाहों से सतर्क रहने और केवल सरकारी सूचनाओं पर भरोसा करने का आग्रह किया ।

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों को जन-भागीदारी से जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया ।

- श्री मोदी ने सभी से ज्ञान भारतम ऐप पर अपनी अपनी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को साझा करने की अपील की ।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मन की बात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किये गए उल्लेख प्रेरणादायक होते हैं ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि मौजूद स्थिति ने भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह समय मुश्किल है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे सामूहिक रूप से इस चुनौती का मुकाबला करें। कोविड काल की तरह, मौ□ूदा संकट से भी भारत उबर □ाएगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत के बहुत से लोग खाड़ी देशों में हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, क्योंकि यह देश के युवाओं के सकारात्मक कार्यों से □ोड़ रहा है।
श्री मोदी ने कहा कि ब□ट प्रतियोगिता के लिए प्राप्त कुछ आलेखों को पढ़ा है ि□नसे पता चलता है कि आ□ का युवा देश के विकास में योगदान करना चाहता है। उन्होंने पं□ाब में मोहाली की आंचल और हरियाणा के यमुनानगर से प्रथम बराड़ का ि□क्र किया। श्री मोदी ने कहा कि प्रथम बराड़ ने लिखा है कि हरित और स्वच्छ भारत ही खुशहाली का एकमात्र विकल्प है। दिल्ली के शंख गुप्ता का सुझाव है कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं की पहचान के प्रयास किए □ाने चाहिए। श्री मोदी ने विचार साझा करने वाले सभी युवाओं की सराहना की और कहा कि ये विचार देश को आगे ले □ाने में महत्वपूर्ण होंगे।
प्रधानमंत्री ने □ल सरंक्षण का ि□क्र करते हुए कहा कि देश में ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही □ल संरक्षण के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त करने का समय आ गया है।
श्री मोदी ने □न-भागीदारी से □ल संरक्षण संबंधी कुछ प्रेरणादायक उदाहरण भी साझा किए।

प्रधानमंत्री ने ज्ञान भारतम् सर्वेक्षण की चर्चा की □ो भारत की महान संस्कृति और धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए □न-भागीदारी की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देशभर से पांडुलिपियों के संबंध में सूचना □ुटाना है। प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया कि ि□न लोगों के पास पांडुलिपि या इसके बारे में सूचना हो, वे इसे ज्ञान भारतम ऐप पर साझा करें। उन्होंने कहा कि अब तक हज़ारों पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं और प्रत्येक प्रविष्टि का सत्यापन किया □ा रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृतसर के अमित सिंह राणा ने गुरमुखी में उपलब्ध पांडुलिपि साझा की है। कुछ संगठनों ने ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियां उपलब्ध कराई हैं।

श्री मोदी ने कहा कि रा□स्थान के अभय □ैन पुस्तकालय ने ताम्रपत्र पर लिखी पांडुलिपि भे□ी है। श्री मोदी ने सर्वेक्षण के ज़रिए अपनी-अपनी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को साझा करने की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में संपन्न टी-20 क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की □ीत पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कर्नाटक के हुबली में, □म्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के रण□ी ट्रॉफी □ीतने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आ□ कुरुक्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम सुना। मन कि बात पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा- उनके पं□ाब दौरे को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि आने वाला समय भारतीय □नता पार्टी का है और पं□ाब में भी भा□पा की सरकार बनेगी।

आ□ पंचकूला के सेक्टर 16 स्थित अग्रवाल भवन में अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयो□न किया गया □िस दौरान राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, वरिष्ठ आर आर एस प्रचारक , संपूर्णानंद ब्रह्मचारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। शिविर में रक्तदाताओं को बैच लगा कर प्रोत्साहित किया गया।

भिवानी से भा□पा विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपने आवास पर समर्थकों सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि श्री मोदी ने अपने संबोधन में देश में चल रही विभिन्न विकास यो□नाओं, डि□िटल प्रगति और बुनियादी □ांचे के विस्तार का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों को विश्वास दिलाया है कि देश में एलपीजी व पैट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, बस लोगों को संयम बरतने की जरूरत है।

हरियाणा सरकार द्वारा मंडियों में गेहूं लेकर आने वाले किसानों का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए इस बार बायोमेट्रिक सहित कुछ नए प्रावधान किए हैं। बायोमेट्रिक मंडी के गेट पर नहीं बल्कि ढेरी की खरीद के समय होगी। कैथल की उपायुक्त अपराजिता ने आज मीडिया को बताया कि एक किसान परिवार के तीन सदस्यों को बायोमेट्रिक के लिए अधिकृत कर सकता है, ताकि यदि किसान किसी कारणवश मंडी में नहीं पहुंच पाया तो उसके परिवार के सदस्य गेहूं की खरीद करवा सकें। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि मंडी के प्रवेश द्वार पर गेट पास कटने के समय वाहन का फोटो होगा। यहां सीसीटीवी कैमरे में भी समय आधारित गेहूं लेकर आने वाले वाहन की रिकॉर्डिंग होगी। इसके अलावा हरसेक से मिले डाटा के आधार पर किसान के खेत में फसल का गिरदावरी से मिलान करवाया जा रहा है।